UP Board Solutions for Class 6 Hindi Chapter 16 कौन बनेगा निंगथउ (मंजरी)

प्रश्न-अभ्यास

विचार और कल्पना

प्रश्न 1.
भारतीय संस्कृति में पेड़ पौधों को बहुत महत्व क्यों दिया गया है? पता करें।
उत्तर :
पेड़-पौधे परोपकारी होते हैं। उनसे हमें शुद्ध हवा, फल, फूल, लकड़ियाँ, औषधि आदि तमाम चीजें मिलती है। भारत के लोग शुरू ही इन पेड़-पौधों और जंगलों का महत्व समझते थे इसी कारण उनके संरक्षण हेतु उन्हें धर्म से जोड़ दिया गया। भारतीय संस्कृति में पेड़-पौधों की बहुपयोगिता को देखते हुए ही उन्हें इतना महत्त्व दिया गया है।

प्रश्न 3.
इस कहानी में निंगाथउ (राजा) के चुनाव के बारे में बताया गया है। बताइए-

(क) आपके यहाँ किन-किन का चुनाव किया जाता है?
(ख) चुनाव किन-किन तरीकों से किया जाता है?
(ग) हमें किस प्रकार के व्यक्ति का चुनाव करना चाहिए?

उत्तर :

(क) हमारे यहाँ प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित विभिन्न मंत्रियों और मुखिया आदि का चुनाव होता है।
(ख) चुनाव मतदान द्वारा किया जाता है।
(ग) हमें ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ और कर्मनिष्ट व्यक्ति का चुनाव करना चाहिए।

प्रश्न 4.
आप क्या-क्या करेंगे कि –
पशु-पक्षी आपसे प्यार करने लगें? – आपके आसपास हरियाली फैल जाए?
नोट – विद्यार्थी स्वयं करें।
संकेत – चिड़िया को दाना-पानी, पशुओं को भोजन तथा हरियाली के लिए ज्यादा-से-ज्यादा पौधारोपण एवं वृक्षों का संरक्षण।

लोक कथा से

प्रश्न 1.
सभी बच्चों के नाम क्रमशः थे –
उत्तर :
(घ) सानाजाउबा, सानायाइमा, सानातोम्बा और सानातोम्बि।

प्रश्न 2.
जब निंगथउ और लेइमा, तुंगी का चुनाव कर रहे थे, उस समय सानातोम्बि की आयु थी
उत्तर :
(ग) पाँच वर्ष

प्रश्न 3.
किस राजकुमार ने तुंगी निंगथउ बनने के लिए क्या काम किया? तीर (→) के निशान से मिलाइए (मिलाकर) –



प्रश्न 4.
सानातोम्बि को अगली 'लेइमा' घोषित किया गया, क्योंकि –
उत्तर :
(घ) उपर्युक्त 'ख' और 'ग' दोनों

प्रश्न 5.
निंगथउ को किसने याद दिलाया कि खोननंग में भी जान है –
उत्तर :
(ख) सानातोम्बि ने

प्रश्न6.
'खोंगनंग में भी जान है।' सानातोम्बि ने ऐसा क्यों कहा?
उत्तर :
खोगनंग एक विशाल पेड़ था, जिस पर बहुत से पक्षियों का बसेरा था। सानातोम्बि के भाइयों ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने में उस विशाल पेड़ को जमीन से उखाड़ दिया। सानातोम्बि को पेड़ की दुर्दशा देखकर बहुत दुख हुआ जिसके कारण उसने ऐसा कहा कि खोंगनंग में भी जान है।

प्रश्न 7.
कहानी की कौन सी बात आपको सबसे अच्छी लगी और क्यों?
उत्तर ;
कहानी में सानातोम्बि का पेड़ खोंगनंग के लिए उदास होना और निंगथउ द्वारा उसकी इस तकलीफ को समझते हुए उसे अगली लेइमा घोषित करना मुझे सबसे अच्छी बात लगी। क्योंकि इससे यह स्पष्ट होता है कि निंगथउँ एक उदार और प्रजावत्सल शासक था और उसने राज्य को दोबारा अपने जैसी एक शासिका प्रदान की।

भाषा की बात

प्रश्न 1.
तुंगी, थाउरो, खोंगनंग शब्दों को खोजकर इनका हिन्दी अर्थ लिखिए।
उत्तर :

https://www.evidyarthi.in/

- **तुंगी** – युवराज
- **थाउरो** – शाबाश
- **खोंगनंग** – बरगद।

प्रश्न 2.
दो वाक्यों की रचना आप भी कीजिए, जिसमें एक ही क्रियापद से दोनों वाक्यों का अर्थ स्पष्ट हो रहा है।
उत्तर :

(क) हमें दूसरों का भला करना चाहिए; सिर्फ मनुष्यों का नहीं; पशुओं और पक्षियों सहित सभी जीवों का भी।
(ख) तुम्हें सबसे हिल-मिलकर रहना चाहिए, सिर्फ अपनों से नहीं; परायों से भी।

प्रश्न 3.
इस कहानी में आए हुए मुहावरों को छाँटकर इनका अपने वाक्यों में प्रयोग करें (प्रयोग करके)
उत्तर :

- **सिर चूमना** = प्यार करना
- **वाक्य प्रयोग** – सिर चूमने से प्यार प्रकट होता है।
- **हक्का-बक्का रह जाना** = अचरज में होना
- **वाक्य प्रयोग** – राजा की घोषणा सुनकर सब मंत्री हक्के-बक्के रह गए।
- **पलक-झपकते ही कार्य करना** = अतिशीघ्र कार्य करना
- **वाक्य प्रयोग** – उसने पलक झपकते ही दौड़ जीत ली।